बरेली, बुधवार
30 अप्रैल, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 24+4=28

# दैनिक जागरण

PAGE NO. IV: BOTTOM

# एनाटामी के ग्रुप 24 ने जीता पहला पुरस्कार

- एसआरएमएस मेडिकल कालेज के चार्ट कंपटीशन में एमबीबीएस 2024 बैच हुआ शामिल
- न्यूरोएनाटामी, एंब्रियोलाजी और एंथ्रोपोमेट्री की नव स्थापित लैब का हुआ उद्घाटन

जासं, बरेली : एसआरएमएस मेडिकल कालेज में एनाटामी विभाग की ओर से आयोजित चार्ट कंपटीशन 'एनाटोकैनवाल' में विद्यार्थियों के ग्रुप 24 ने पहला पुरस्कार हासिल किया। एमबीबीएस 2024 बैच के लिए आयोजित इस कंपटीशन में दूसरा पुरस्कार ग्रुप नंबर छह और तीसरा पुरस्कार ग्रुप नंबर 26 मिला। ग्रुप नंबर 4, 3, 7, 19 और 28 को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। इस अवसर पर एनाटामी विभाग में न्यूरोएनाटामी, एंब्रियोलाजी और एंथ्रोपोमेट्री की नव स्थापित लैब का भी उद्घाटन हुआ।

एसआरएमएस मेडिकल कालेज में संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति, डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति, प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डा. एमएस बुटोला, एनाटामी डिपार्टमेंट की एचओडी डा. नमिता मेहरोत्रा ने एमबीबीएस 2024 बैच के विद्यार्थियों के लिए हुए चार्ट कंपटीशन 'एनाटोकैनवाल' में विजेताओं को पुरस्कृत किया। एनाटामी विभाग में हुए चार्ट कंपटीशन में निर्णायक मंडल में शामिल डा. एसके सागर, डा. शशिबाला आर्य, डा. वंदना नेगी, डा. बिंदू गर्ग और डा. मीनाक्षी जिंदल ने इंगुनल कैनाल के चार्ट को पहला स्थान दिया। इसे बनाने वाले ग्रुप 24 के छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट व मेडल प्रदान किया गया।

निर्णायक मंडल ने डूरल वेनस का चार्ट बनाने वाले ग्रुप छह को द्वितीय पुरस्कार के लिए चुना। आइसचियोएनल फोसा के चार्ट को तीसरा स्थान मिला। इसे बनाने वाले ग्रुप 26 के छात्र-छात्राओं को भी मेडल के साथ सर्टिफिकेट दिए। ग्रुप चार के ब्रेकिल प्लेक्सस), ग्रुप तीन के अर्टेरियल आर्च आफ द हेड, ग्रुप सात के कोर्स आफ द एक्सर्नल कोरोटिड आर्टरी, ग्रुप 19 अर्टरी एंड नर्वल आफ द थाई और ग्रुप 28 चार्ट कोइलिक ट्रंक, पेनक्रियाज, ड्यूडेनम एंड स्प्लिन को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम का संचालन डा. कंचन बिष्ट ने किया। इस मौके पर डा. शंभु प्रसाद, डा. धनंजय कुमार, डा. समता तिवारी आदि मौजूद रहे।



एसआरएमएस में हुई चार्ट प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कार देते संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति, साथ में डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति • सौ. संस्थान